भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5079 का उत्तर

उत्पादन इकाइयों का निगमितीकरण

5079. श्री दीपक बैजः

श्री सु. थिरुनवुक्करासरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रेलवे की कुछ उत्पादन इकाइयों का निगमितीकरण करने का विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ये इकाइयां उनकी क्षमता के अनुसार कार्य करने में असमर्थ हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त इकाइयों को निगमों में परिवर्तित किए जाने पर उनके कर्मचारियों की सेवा-शर्तों में कुछ परिवर्तन किए जाएंगे;

(घ) निगम के रूप में परिवर्तित किए जाने हेतु विचाराधीन उत्पादन इकाइयों का ब्यौरा क्या है और इनमें वर्तमान में काम करने वाले कुल कामगारों/श्रमिकों की संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या ये इकाइयां घाटे में चल रही हैं अथवा लाभ में हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): सरकार ने चल-स्टॉक उत्पादन इकाईयों के निगमीकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने की परिकल्पना की है। चरणबद्ध तरीके से मौजूदा उत्पादन इकाईयों की इस संरचना में

अंशतः समाहित होने की संभावना है। इन कार्यों की निम्ननलिखित लाभ के साथ किए जाने की संभावना है:-

i) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और आधुनिकीकरण

ii) प्रबंधकीय स्वायत्ता

iii) बेहतर प्रबंधन संव्यवहारों के कारण उत्कृष्ट परिचालनिक दक्षता

iv) निर्यात क्षमता

v) एमएसएमई उद्योगों में वृद्धि

vi) रोजगार सृजन

vii) कर्मचारियों को बेहतर लाभ

viii) चल स्टॉक उत्पादन के लिए भारत को अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र बनाना

ix) निवेश आकर्षित करना

(ख): 500 रेल इंजनों और 4200 सवारी डिब्बों की कुल क्षमता की तुलना में वर्ष 2018-19 में उत्पादन इकाइयों ने 734 रेल इंजन और 6076 सवारी डिब्बों का निर्माण किया। यह दर्शाता है कि इन इकाइयों का कार्यनिष्पादन बहुत अच्छा है।

(ग): इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बहरहाल, यदि सभी बदलाव कर दिए जाते हैं तो ये परिवर्तन मौजूदा परिदृष्य की तुलना में कर्मचारियों के लिए बेहतर लाभ मुहैया कराएंगे। इस प्रक्रिया में कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के बीच विचार-विमर्श करना शामिल है।

(घ): 01/07/2019 को उत्पादन इकाइयों में मौजूदा कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या निम्नानुसार है।

उत्पादन इकाइयां	कर्मचारियों की संख्या
सवारी डिब्बा कारखाना	9940
रेल डिब्बा कारखाना	7581
आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री	2198
चितरंजन रेलइंजन कारखाना	10955
डीज़ल रेलइंजन कारखाना	5798
डीज़ल रेलइंजन आधुनिकीकरण कारखाना	3368
रेल पहिया कारखाना	1556

(ङ): घाटे अथवा लाभ का प्रश्न ही नही उठता क्योंकि रेलवे उत्पादन इकाइंयां अंतरण लागत आधार पर रेलवे की आंतरिक आवश्यकता के लिए लगभग पूरी तरह से कार्य करती हैं।

*****

Sk